

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024



12 पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे ...



11 भाजपा प्रत्याशी भोजराज को खेरथा मंडल से मिली 5200 ...





# दो साल में नहीं बन सकी टंकी, पानी के लिए आज भी भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत अरमुरकसा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य विभागीय लापरवाही तथा विभाग के ठेकेदार की मनमानी के कारण लगभग दो वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। वहीं, घर-घर नल से पानी पहुंचाने के लिए, पाइप लाइन बिछाने का कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इसके कारण ग्रामीण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर उठा रहे हैं।ग्राम अरमुरकसा में ▶▶ शेष पेज 11 पर

## ग्राम अरमुरकसा में नल-जल योजना के क्रियान्वयन में बरती जा रही लापरवाही

### जल्दी पूरा हो कार्य

इस संबंध में सरपंच सावित्री बाई ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, लेकिन काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से पानी टंकी व पाइप लाइन का कार्य जल्द पूर्ण करवाकर ग्रामीणों के घर तक पानी पहुंचाने की मांग की है।

### जलस्तर गिरने से और ज्यादा हो रही परेशानी

ग्राम अरमुरकसा के रेलवे पारा में लगभग 90 घरों में लगभग 800 ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे निवासरत हैं। रेलवे पारा में दो हैण्डपम्प के पानी का उपयोग ग्रामीण पेयजल के लिए करते हैं। इनमें से एक हैंडपंप के बोर में सोलर सिस्टम से पानी टंकी भरने के लिए मोटर लगाया गया है। इसमें पानी का स्रोत नीचे चले जाने ▶▶ शेष पेज 11 पर



### लगाई जाएगी पेनाल्टी

निर्माण एजेंसी को कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने को लेकर 3-4 नोटिस दिया जा चुका है। कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण नहीं करने पर पेनाल्टी लगाई जाएगी।

**नितिन ठाकुर, एसडीओ, पीएचई।**

### निर्माण एजेंसी पर हो कार्रवाई

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना का बंटाधार करने में निर्माण एजेंसी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी की भूमिका नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि दो साल में भी पानी टंकी निर्माण पूरा नहीं कर पाने वाली निर्माण एजेंसी पर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में पानी टंकी व पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया होता, तो ग्रामीणों को पानी के लिए नहीं भटकना पड़ता।

## खबर संक्षेप

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज



**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा बालोद में 7 जून को संध्या 7:30 बजे चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने सभी भक्तजनों से महाआरती में उपस्थित होने की अपील की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर पर धारा 363, 366, 376(2) (एन) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धारा लगाई गई है। गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी खुमेश ठाकुर एक नाबालिग लड़की को प्रेमप्रसंग में बहला फुसला शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### गुंडरदेही आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप 14 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही द्वारा शुक्रवार 14 जून को सुबह 9 बजे प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में जेबीएम ग्रुप पुणे द्वारा 400 पोस्ट के लिए प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। इसमें 10वीं, 12वीं, आईटीआई के सभी ट्रेड में उत्तीर्ण तथा इलेक्ट्रीकल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा उत्तीर्ण आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं।

मौसम : खंभे व पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति हुई बाधित, पानी के लिए हुई परेशानी

# बारिश से राहत, आंधी ने बरपाया कहर कई जगह बिजली के खंभे व पेड़ गिरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय सहित कुछ ग्रामीण अंचलों में हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना नजर आने लगा है। वहीं, बीते बुधवार को भी अचानक कुछ इलाकों में बारिश का नजारा देखने को मिला था, तो वहीं अधिकांश इलाकों में अभी भी बारिश नहीं हुई है।

वहीं, इस दौरान आंधी-बारिश के बीच कई जगह पेड़ गिरने और उनकी शाखाएं टूटने की भी खबर है। इसके साथ ही कई जगह बिजली के खंभे और तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। समाचार लिखे जाने तक कई स्थानों पर अंधेरा छाया रहा। दोपहर के बाद मौसम ने अचानक करवट बदली और कुछ जगहों पर झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला। इसके अलावा आंधी तूफान का कहर भी अंचल में देखने को मिला। इसके कारण ग्राम बासीन में सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए। वहीं, कई घरों में लगे टिन शेड तेज हवाओं में उड़ गए। वहीं कुछ इलाकों में बारिश का नहीं होना मुसीबत बन गईं, क्योंकि बारिश नहीं होने के कारण लोग अभी भी भीषण गर्मी से परेशान हैं और बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। आंधी तूफान के कारण धनेली, डढ़हारी, सांगली सहित अनेक जगहों पर पेड़ पौधे धराशाही हुए है जिसके कारण बिजली के खम्भे और बिजली के तार टूट गए है। इसके कारण बिजली सप्लाई बंद है। वहीं, बिजली बंद होने से ग्रामीण अंचलों में पेयजल पानी की समस्या बनी हुई है।

### गुरूर अंचल में बारिश से सुहाना हुआ मौसम



**गुरूर।** क्षेत्र में गुरूवार को मौसम में उतार चढ़ाव के कारण दोपहर के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली। तेज आंधी और गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। धूप से तप रहे जमीन पर बारिश की बुंदे पड़ने से मिट्टी से सोंधी सोंधी खुशबू से लोगों को आनंद की अनुभूति हुई। गुरूवार को दिन में तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान नज़र आए, वहीं शाम 4 बजे के पासपास तेज हवा के साथ बारिश हुई जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

# सड़क किनारे सोए मैकेनिक की गाड़ी और मोबाइल पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- ग्राम कोरगुड़ा निवासी खोमन ने कोतवाली थाने में लिखाई रिपोर्ट

गैरेज से काम कर वापस अपने घर लौट रहा मैकेनिक स्कूटी को सड़क किनारे खड़ी कर सड़क किनारे ही सो गया। करीब 2 घंटे बाद जब उसकी नींद खुली तो स्कूटी व उसके जेब में रखे कीपैड मोबाइल की चोरी हो चुकी थी। इसकी सूचना उसने कोतवाली थाना में दी है।

प्रार्थी ग्राम कोरगुड़ा निवासी खोमन देवांगन ने बताया कि वह बालोद निवासी पप्पू साहू के गैरेज में इंजन मिस्त्री का काम करता है। पप्पू साहू ने घर आने जाने के लिए स्कूटी क्रमांक सीजी 24 एस 7599 दी है। 2 जून को रात्रि करीबन 7 बजे घर जाने के लिए स्कूटी लेकर निकला था। ग्राम तरौद के आगे पहुंचा तो सिर दर्द होने के कारण गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी किया और लेट गया। जब रात्रि करीबन 11 बजे नींद खुली तो वहां, उसकी गाड़ी तथा जेब में रखी उसकी चाबी एवं की–पेड मोबाईल नहीं थी। आस पास पता तलाशी की, लेकिन कोई पता नहीं चला। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### यात्रीबस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



**बालोद।** जिले के राजनांदगांव रोड पर ग्राम संबलपुर के पास तेज रफ्तार यात्री बस और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर से बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक युवक हेलमेट नहीं पहना था जिसके कारण उसके सिर में चोटें आई हैं।

घायल युवक को संजीवनी 108 एम्बुलेंस की टीम शंकर और तुनेश्वर ने देवरी स्थित सीएचसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल हो राजनांदगांव रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय नीरज अपनी बाइक से राजनांदगांव की ओर जा रहा था, वहीं तेज रफ्तार यात्री बस जो दादा ट्रैवल्स की बताई जा रही है विपरीत दिशा से आ रही थी। इस बीच यात्री बस चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक चालक नीरज को ठोकर मारकर फरार हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। उसके बाद एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया।

# शिकायत पर ढाबे में दी दबिश सबूत नहीं मिलने पर कार्रवाई निरंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- बड़ी मात्रा में शराब परिवहन के मामले में हुई विभागीय जांच

नगर में स्थित कम्पोजिट मंदिरा दुकान से निर्धारित मात्रा से अधिक शराब बेचने का वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा जांच टीम गठित की गई है।

जांच में सीसी टीवी फुटेज का सहारा संबंधित विभाग द्वारा लिया गया, जिसमें दो व्यक्ति अधिक मात्रा में परिवहन करते दिख रहे हैं। गुरुर थाने में दोनों व्यक्तियों के खिलाफ 22 पौवा और 23 पौवा शराब परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया गया था। पूरे मामले में वायरल वीडियो और संबंधित विभाग की जांच में अलग-अलग निष्कर्ष सामने आया है। वायरल वीडियो में दो व्यक्ति एक मोटर सायकल पर भारी मात्रा में शराब परिवहन करते दिख रहे हैं। उनका कहना है कि वे प्रतिदिन 50 से 60 पौवा या उससे ज्यादा शराब ले जाते हैं। उक्त व्यक्ति स्वयं को ग्राम धनोरा स्थित ढ़ाबा का कर्मचारी बता रहा है। मामले में विभाग द्वारा जारी आदेश पर उक्त ढाबे में टीम भेज कर जांच की गई। राबिन ढाबा में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, लेकिन शराब पीने या पिलाने की फुटेज हाथ नहीं लगी। वहीं, शराब भी जांच अधिकारी के हाथ नहीं लगी। जबकि वायरल वीडियो में कर्मचारी ने ढाबा के लिए शराब का जखीरा रोजाना पहुंचाने का दावा किया है।

### जांच में नहीं मिली शराब

आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर आदेश जारी कर जाँच टीम गठित की गईं थी। जांच टीम को शराब दुकान के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर अतिरिक्त शराब बेचना नहीं पाया गया। धनोरा स्थित राबिन ढाबा की जांच में शराब पिलाने या स्टॉक उपलब्ध नहीं हुआ है। हालांकि पूर्व में संबंधित ढाबे के खिलाफ दस प्रकरण दर्ज हैं।

# मीडिया प्रतिनिधि व सीआरपीएफ जवान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने किया सम्मान



जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के मीडिया प्रतिनिधियों एवं सीआरपीएफ के जवानों का जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा सम्मान किया गया।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक के विशेष उपस्थिति में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंटकर तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों ने पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में मीडिया एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले में आयोजित स्वीप गतिविधियों के बेहतर प्रचार–प्रसार के साथ पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है। जिसके फलस्वरूप जिले में सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से निर्वाचन का कार्य संपन्न हो सका है। चन्द्रवाल ने कहा कि मीडिया के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने भी भीषण गमऍ में भी पूरी प्रतिबद्धता एवं निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### गन्ना उत्पादक किसानों का धरना-प्रदर्शन आज

**बालोद।** जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ बालोद द्वारा 7 जून को 10 बजे नया बस स्टैंड बालोद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष तेजराम साहू ने बताया कि गन्ने का मूल्य 500 रूपये प्रति क्विंटल देने के विषय में शासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लेने के कारण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, संघ द्वारा जिले के समस्त गन्ना किसानों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

जैन युवा शक्ति एवं युवा मित्र क्लब की सराहनीय पहल

# दुर्घटना से सुरक्षा के लिए सायकिलों पर रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जैन युवा शक्ति एवं युवा मित्र क्लब के संयुक्त प्रयास से बालोद शहर सहित आस पास के सभी मुख्य बाजारों में अभियान जीवनदान चलाया जा रहा है। पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन मोनू एवं अधिवक्ता हरीश दुबे ने बताया कि लगभग 6 वर्ष पूर्व भी हमारे द्वारा यह अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि बालोद में अपने नित्य कार्यों से आने वाले सायकल चालकों की सायकल के पीछे माइक्रो थ्रीडी रेडियम लगाकर उनके साथ होने वाली आकस्मात दुर्घटनाओं को रोकने का यह एक छोटा सा प्रयास है। यह रेडियम लगभग 100 मीटर दूर से ही लाइट पड़ने पर चमकने लगता है। इससे सायकल के पीछे आने वाले सभी वाहन चालकों को यह स्पष्ट पता चल जाता है कि आगे कोई सायकल चालक जा रहा है। रात के अंधेरे में अधिकतर सायकल चालकों को पीछे से वाहन चालकों के ठोकर से घायल होने या काल के गाल में समाते देखा गया है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन को बचाने का यह प्रयास है। इस अभियान में युवा मित्र क्लब के धालेश दिल्लीवार, हरीश दुबे, हिमासु आर्या, आकाश श्रीवास्तव, अंगद साहू, सोनू सोनकर, मयंक योगी, सुरेंद्र साहू, कुणाल ठाकुर एवं जैन युवा शक्ति के सदस्यों का योगदान मिल रहा है।

### 600 से अधिक सायकलों पर लगाई जा चुकी रेडियम पट्टी

जैन युवा शक्ति के सचिव शुभम श्रीश्रीमाल ने बताया कि बालोद शहर में लगभग 600 से अधिक सायकलों में अब तक रेडियम की पट्टी लगाई जा चुकी है। बालोद शहर में आने वाले लोगों की सायकलों पर वर्तमान में लगाया गया है। अब हमारा प्रयास बालोद के सभी राइस मिल आरा मिल एवं अन्य कारखानों मकान निर्माण की जगहों रेलवे रैक पॉइंट पर जाकर वहां के मजदूरों के सायकलों पर रेडियम लगाने का काम करेंगे फिर इसका विस्तार करते हुए बालोद जिले के अन्य कस्बों बाजारों में भी पहुंचेंगे।



## खबर संक्षेप

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव आज

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार के महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई से 11 धाम से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इसी दौरान सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब शुरू होगा। इसके बाद आरती, सत्संग, कीर्तन शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रितवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

### नहीं चली टाटा इतवारी पैसेंजर

**रायपुर।** टाटानगर से इतवारी के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर और टाटा-बिलासपुर-टाटनगर एक्सप्रेस के रद्द रहने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्रधरपुर रेल मंडल के बीच कांसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में एनएचएस लॉंचिंग की वजह से ब्लाक लिया गया है। इस कार्य के चलते बुधवार को हावड़ा से सीएसएमटी जाने वाली दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सात घंटे विलंब से रवाना हुई। आरा-दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस आवाजाही के दौरान राउरकेला-दुर्ग के मध्य रद्द रही।

### जामुल सीमेंट प्लांट में हुई हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था। मृतक आर. बाला राजु के साथ ही आरोपी संजय तिवारी भी सी.एच.पी. से निकलने की जानकारी गवाह ने पुलिस को दिया। गेट रजिस्टर भी जांच की गई। जिसमें आरोपी संजय तिवारी लंच के लिये अपने घर जाकर कपड़े बदल आया था। पुलिस की टीम उसके घर में जाकर कपड़े बरामद किया।

### बारिश आने के पहले कम हुए विमान यात्री

**रायपुर।** बारिश आने से पहले ही हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्य कम होने लगी है। छुट्टियों का अंतिम दौर चलने की वजह से घूमने-फिरने बाहर गए यात्री वापस लौट चुके हैं। अब सफर करने वालों में आवश्यक कार्य के लिए दूसरे शहर जाने वाले लोग शामिल है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 45334 यात्रियों ने आवाजाही की जो पूर्व सप्ताह की तुलना में 1.10 प्रतिशत कम है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान मई के महीने में रायपुर एयरपोर्ट के जरिए पचास हजार यात्री प्रति सप्ताह आवाजाही कर रहे थे।

### बिना हेलमेट कल से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**रायपुर।** भिलाई सेक्टर क्षेत्र के 11 पेट्रोल पंप अब दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देना का मन बना लिया है। उक्त पेट्रोल पंप संचालकों ने 21 दिन चैलेंज में अपनी भागीदारी निभाई है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने दिए गए निर्देश और एएसपी सुखनंदर राठौर मार्ग दर्शन में सेक्टर एरिया के पेट्रोल पंप के संचालको का कंट्रोल रूम में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना हेलमेट के वाहन चालको को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

# आक्सीजोन का सुधर नहीं पाया फौवारा, डेमेज पाइप लाइन को सुधारने चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईएसी कालोनी की 29 एकड़ जमीन पर विकसित आक्सीजोन में लगा फौवारा किसी काम का नहीं रहा। मरम्मत कराने बाद भी इसे सुधारा नहीं जा सका। रायपुर स्मार्ट सिटी अब वहां सामान्य रूप से चलने वाला नया फौवारा लगवायेगी। पौधों को सूखने से बचाने के लिए ड्रिप एरीगेशन वाली पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे बदलने का काम अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया है। परिसर बनाये गये कृत्रिम तालाब की एक अरसे बाद सफाई कराई गई है।

- 15 जून के बाद होगा 300 पौधों का रोपण

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 1 करोड़ 39 लाख में दिया ठेका

### लाइटिंग, फ्लोरिंग और पौधारोपण का काम बाकी

आक्सीजोन के कई हिस्सों लगाई गई लाइटें बंद पड़ी हैं। इसे सुधारने और अलग-अलग एरिया में नई लाइटें लगाने का काम अभी बाकी है। बगीचे के अंदर वाले हिस्से में फ्लोरिंग का काम अभी नहीं हो पाया है। इसे जल्द शुरू कराया जायेगा। सौंदर्यीकरण के बाकी काम को पूरा करने 15 दिन की समय सीमा अनुबंधित एजेंसी को दी गई है।



### 15 जून के बाद 300 पौधों का रोपण

वन विकास द्वारा विकसित शहर के सबसे बड़े आक्सीजोन में रंग-बिरंगे फूलदार पौधों की कमी को देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 जून के बाद अलग-अलग प्रजाति के 300 फूलदार पौधों का रोपण किया जायेगा, ताकि आक्सीजोन की सुंदरता बढ़ सके। इस परिसर में आम, इमली, नीम, बरगद, पीपल सहित बड़ी संख्या में पुराने पेड़ संरक्षित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आक्सीजोन परिसर के सौंदर्यीकरण कराने रायपुर की एजेंसी को 1 करोड़ 39 लाख में ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी ने परिसर में 3 बंद पड़े टायलेट की कराते हुए इसे उपयोग के लायक बनाया है। इसके अलावा 1 नया टायलेट का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक इस परिसर में बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन की सुविधा नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए वहां चिल्ड्रन प्ले एरिया विकसित किया जा रहा है, जहां आकर्षक झूले, फिसलपट्टी लगाये गये हैं।

आक्सीजोन में सुबह-शाम आने-जाने वालों की सेहतमंदी के लिए एक्सरसाइज के इक्वीपमेंट लगाने का काम किया जा रहा है। रंगरोगन से लेकर पाथवे बनाने का काम पूरा हो गया है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 20 करोड़ का प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

# आधा दर्जन तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ा, 3 माह और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आधा दर्जन तालाबों में पहुंच रहे नालियों के गंदा पानी को साफ करने 3 जगहों पर बनाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ गया है। इस काम को पूरा होने में अभी 3 माह का समय और लगेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने टिकरापारा के नरैया तालाब, पुरानी बस्ती के खोखो और महाराजबंद तालाब में एसटीपी निर्माण के लिए पुणे की समृद्धि एजेंसी को 20 करोड़ में ठेका दिया है। ठेका एजेंसी 2 साल में भी यह काम पूरा नहीं कर पाई।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर के तालाबों के जलस्तर में वृद्धि करने और तालाब में मिल रहे नालियों के गंदे पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाने 20 करोड़ की लागत से नरैया तालाब, खोखो तालाब और महाराजबंद तालाब में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। 2 साल पूर्व इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर स्मार्ट सिटी ने पुणे की समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया, पर अनुबंधित एजेंसी द्वारा काम में लेटलतीफी की वजह से एसटीपी निर्माण का काम अधूरा पड़ा है।

### महाराजबंद तालाब किनारे एसटीपी निर्माण अधूरा, और 3 माह लगेंगे

महाराजबंद तालाब में 3 नालों का गंदा पानी साफ कर तालाब में छोड़ने 10 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। तालाब में वीरभद्रनगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाला नाले का पानी सीधे तालाब में बहकर जा रहा है। इस गंदे पानी को उपचारित करने 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। इसके बनने से रोजाना 30 लाख लीटर गंदा पानी महाराजबंद में नहीं घुलेगा। एसटीपी निर्माण में 90 फीसदी सिविल वर्क पूरा हुआ है। इसमें इनलेक चैंबर, ग्रीड चैंबर बोरवेल और क्लीनर वाटर टैंक निर्माण हुआ है। प्रशासनिक बिल्डिंग निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। मेकैनिकल वर्क अब तक शुरू नहीं हो पाया। एसटीपी निर्माण स्थल पर भारी मात्रा में नालियों का गंदा पानी जमा हुआ है। इससे तालाब के आसपास भारी दुर्गन्ध उठ रही है।



### नरैया तालाब में एसटीपी निर्माण का काम सुस्त, मानिटरिंग कमजोर

नरैया तालाब से लगे 3 तालाबों में पुलिस लाइन क्षेत्र का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। इससे तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। यहां 1 एमएलडी के एसटीपी स्थापित करने का काम बेहद सुस्त गति से चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार के लेबर ज्यादातर स्पॉट पर नदारद रहते हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारी प्रोजेक्ट की मानिटरिंग में ध्यान नहीं दे रहे। इसकी वजह से निर्माण कार्य आधा-अधूरा हो पाया है। आउटर वॉल बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। साइट पर बड़े साइज की चट्टान को हटाने मशीन लगाई जायेगी। साइट क्लीयर होने के बाद इस जगह पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगेगा। पोलिस लाइन जनता कालोनी वाले स्पॉट पर आरसीसी वर्क कराया जा रहा है।



### खोखो तालाब में गंदा पानी जाने से रोकने बन रहा एसटीपी

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के खोखो तालाब, बंधवा तालाब और पहलदवा तालाब में जल स्तर बढ़ाने और इन तालाबों में आसपास की नालियों का गंदा पानी सीधे जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य चल रहा है। मई 2024 तक एसटीपी निर्माण की समय सीमा तय है, पर निर्माण स्थल पर काम आधा-अधूरा हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक मजदूरों की कमी से काम प्रभावित हुआ है।



### 3 महीने का समय और लगेगा

महाराजबंद, नरैया तालाब और खोखो तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा करने में अभी 3 माह और लगेगा। 20 करोड़ की लागत से 3 जगहों पर एसटीपी स्थापित करने का काम चल रहा है।

*- **अमित मिश्रा,** प्रोजेक्ट प्रभारी, एसटीपी प्रोजेक्ट,रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## बाइक में तीन सवारी स्टंट, युवक पर जुर्माना



**रायपुर।** सोशल मीडिया में रील बनाने युवा कोई भी हद पार कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में सोशल मीडिया में बाइक सवार तीन लड़कों द्वारा स्टंट करने का वीडियो वायरल होने को एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक से स्टंट करने पर बाइक मालिक अभय साहू के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है।

## बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानका थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दऊवा साहू की शिकायत पर राकेश चंदेल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दऊवा ने पुलिस को बताया है, वह देशी शराब दुकान में शराब लेने के लिए गया था। इसी दौरान नजरें बचाकर राकेश उसकी बाइक चोरी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने राकेश को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पकड़ा है।




## एमआईसी की बैठक 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 10 जून को गांधी सदन के एमआईसी सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में होने जा रही इस बैठक में दस जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, 10 ई बस खरीदी के लिए रेट एप्रूवल सहित जनहित से जुड़े अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी। 4 माह बाद होने जा रही एमआईसी की बैठक के लिए भारसाधक सदस्यों से विभागवार एजेंडे मंगाये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक शहर में अमृत मिशन और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के पायलट प्रोजेक्ट के तहत लोगों के घरों में लगाये जा रहे स्वचालित वाटर मीटर का जल शुल्क तय करने संबंधी प्रस्ताव भी एमआईसी में रखा जा सकता है।

- विभागों से मंगाए जनहित से जुड़े प्रस्ताव

### होटल रोमन पार्क के सेल्स मैनेजर ने की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** होटल के सेल्स मैनेजर के द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि होटल द रोमन पार्क पुलगांव में जनरल मैनेजर पद पर राज कुमार निषाद ने शिकायत किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि होटल द रोमन पार्क मे सेल्स मैनेजर कालीपुर लक्ष्मी नगर रायपुर निवासी ईमरान मेमन कस्टमर के बिल को होटल के खाते में न डालकर अपनी पत्नी रश्मी मेमन के बारकोड के जरिये अलग-अलग दिनों में 30 हजार 146 रुपए ट्रांसफर किया। ईमरान ने होटल मैनेजमेंट के साथ ठगी किया। मैनेजर ने शिकायत किया है कि आरोपी ईमरान मेमन ने होटल के रूम रेंट, कस्टमरों के भुगतान को पत्नी के खाते में लेकर गबन और धोखाधड़ी किया। होटल को इसकी जानकारी तब हुई जब एकाउंटेंट ने होटल का हिसाब किताब देख करीब 1 लाख रुपए की रकम उसके द्वारा होटल के कस्टमर को भ्रम में डालकर पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया।

## पूरक की जगह साल में दो बार परीक्षाएं, माशिम ने मंगाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कुछ दिनों पूर्व वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित किए जाने का निर्णय बीते दिनों लिया गया था। अब इससे संबंधित नियमों का राजपत्र में प्रकाशन किया गया है। मंडल द्वारा इस पर 9 जून तक दावा आपत्ति मंगाई गई है। सुझाव भी इस दौरान मंडल को दिए जा सकेंगे। माशिम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी तरह का कोई विचार नहीं किया जा सकेगा। हालांकि अब तक मंडल द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि दो बार होने वाली परीक्षा संबंधित प्रावधान मौजूदा सत्र से ही लागू किए जाएंगे अथवा अगले शैक्षणिक सत्र से इसे अपनाया जाएगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, मंडल में इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

- राजपत्र में किया गया प्रकाशन, पूरक के स्थान पर होगी द्वितीय परीक्षा



### जून के तीसरे सप्ताह में होगी परीक्षा

राजपत्र में प्रकाशित सूचना में कहा गया है कि पूरक परीक्षाओं के स्थान पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं होंगी। प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी, जबकि द्वितीय परीक्षा जून के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगी। जो छात्र मुख्य परीक्षाओं में फेल हो चुके हैं अथवा अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। दोनों ही परीक्षाओं के लिए आवेदन भरना अनिवार्य होगा। दूसरी परीक्षा में बैठने के लिए वे ही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने पहली परीक्षा दिलाई हो। प्रथम मुख्य परीक्षा की तरह द्वितीय परीक्षा के प्रश्नपत्र भी तीन सेट में तैयार किए जाएंगे। माशिम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में भी इससे संबंधित सूचना अपलोड कर दी है।

## कचरा प्रबंधन निपटान स्थल का 2 चरणों में होगा निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण किया जायेगा। यह निरीक्षण 2 चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण का स्थल निरीक्षण 11 से 14 जून को प्रस्तावित किया गया है। इसमें कचरा छंटाई के बाद की स्थिति, सड़क सफाई, नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई और शहर में उत्पन्न कूड़े के परिवहन और निष्पादन का कार्य देखा जायेगा। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट और उपचारित जल के दोबारा उपयोग के संबंध में शहर में हो रहे कार्यों को परखा जायेगा।

- प्रथम चरण में कचरा छंटाई, सड़क और नाली सफाई का कार्य देखेंगे

गांधी सदन में बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक पीबी काशी ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देश पर संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा 11 से 14 जून तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रथम चरण में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का निरीक्षण किया जायेगा। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेकर समीक्षा की गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में दस जोन के कमिश्नर, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड़ू, अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा, रामकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड योगेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को संवारने में युवाओं ने पेश की मिसाल

# हर घर एक मुट्ठी चावल लेकर बिखेरी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित भटगांव के युवाओं ने प्रेरदायक कार्य किया है। युवाओं ने मन में ठानी कि, सरकारी घास जमीन के अस्तित्व को बचाना हैं और फिर बंजर जमीन में हरियाली उकेर दी। हर घर से चंदा और हर माह करीब 35 महिलाएं प्रत्येक घर से मुठ्ठीभर अनाज एकत्रित कर रही है। इस अनाज और चंदा की राशि से करीब पांच एकड वाले इस जमीन में पांच सौ के करीब कई फलदार पौधे आज नजर आ रहे है। बंजर जमीन में जब हरियाली दिखी तो नाम रखा श्री राम स्मृति उपवन। भटगांव के युवाओं ने वर्ष 2015 में एकजूट होकर स्वामी विवेकानंद नवयुवक मंडल बनाई। इन युवाओं द्वारा गांव में विविधि गतिविधियों तो की जाती है। लेकिन इन्होने न सिर्फ सरकारी घास जमीन को सहेजा है, बल्कि इसे हरियाली का रूप देकर औरो को प्रेरणा दी है। मंडल में करीब दो दर्जन युवा है। मंडल के अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, वर्ष 2015 से गांव में समिति बनाई। गांव में ही पांच एकड की घास जमीन थी। इसे सहेजने का निर्णय युवाओं ने लिया। इसके लिए चंदा लेना शुरू किया, वही बकायदा गार्डन में बने सामुदायिक भवन में तीस से अधिक महिलाओं का नाम है, जो हर माह गांव में घुमकर प्रत्येक घर से मुठ्ठीभर चांवल लेती है। चावल को बेचकर इस राशि का उपयोग गार्डन में किया जा रहा है। इस कार्य में किशोर देशमुख, साकेत गौतम, भीषम वैष्णव, योगेश देशमुख, यीशु साहू, सुकृत दास मानिक, लुकेश गौतम, राहुल देशमुख, सतीश गौतम, लाभेंद्र गौतम, दौलत देशमुख जूटे हुए हैं।

### सरकारी जमीन के लिए मिशाल

देखा जाए तो आज सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे हो रहे है। प्रशासन सरकारी जमीन को सहेजने में असफल है। ऐसे में पर्यावरण के लिए इसे उपयोग कर सहेजने के इस कार्य ने बडी मिशाल पेश की है। ग्राम भटगांव के सचिव भावना यादव ने हरिभूमि को बताया कि, युवाओं के कार्य की सभी प्रशंसा करते है।



### बंजर जमीन में आज आंवला और अमरूद

कभी घास जमीन कंटीले झांडियों से सरोबार थी। जिसे काटकर युवाओं ने घेरा बनाया। इस जमीन पर आज आंवला, जामुन, अमरूद, बेल, नारियल, अनार और आम के पौधे लहलहा रहे है। पंचायत निधि से यहां बोरवेल्स भी कराया गया है, जिसके जरिए सिंचाई हो रही है। अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, समिति को अधिकतम बीस हजार की सहयोग राशि मिली है।

## एसपी ने ली केबल ऑपरेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केबल कटिंग की लगातार शिकायत के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने ऑपरेटरों की बैठक लिया। इस दौरान शहर की सुरक्षा के लिए सीसी कैमरो की केबल कटिंग करने वालों पर कार्रवाई करने करने की बात कही गई है।

- केबल कटने की शिकायत पर दी हिदायत



दुर्ग-भिलाई के केबल आपरेटरों की बैठक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कण्ट्रोल में लिया। एसपी ने हिदायत दिया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़, ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए दुर्ग-भिलाई शहर के विभिन्न स्थलों, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। 200 से अधिक केबल आपरेटरों ने टीवी चैनलों के लिये केबल बिछाये हैं। जिनके द्वारा सीसीटीवी कैमरा के केबल को काट दिया जा रहा है। जिससे विगत कुछ माह से विभागीय कार्यों में दिक्कत आ रही है। सीटीवी कैमरा के केबल कटिंग होने की शिकायत मिलने पर केबल आपरेटर के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, टीआई भिलाई नगर राजकुमार लहरे, प्रभारी पुलिस कण्ट्रोल रूम निरीक्षक तापेश नेताम समेत 50 से अधिक केबल आपरेटर मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### तीन दिवसीय राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन कल से

**रायपुर।** लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में तीन दिवसीय 7 से 9 जून तक राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य समाज के क्षणिक बौधिक एवं सामाजिक ज्ञान के माध्यम से उनका व्यक्तित्व विकसित करना है, इसके अंतर्गत सामाजिक आर्थिक विकास, इत्यादि विषय पर विचार प्रस्तुतिकरण, परस्पर चर्चा, कैरियर मार्गदर्शन तथा रोजगारमूलक प्रशिक्षण संबंधित कार्यक्रम होंगे। इस सम्मेलन में राज्य के लगभग 200 सामाजिक प्रतिभागी शामिल होंगे। निशुल्क भागीदारी युवा सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क रहेगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि पहले दिन के शुक्रवार को समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र सेरीखेड़ी मंदिर हसौद में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, संयुक्त आयुक्त अमरपाल लोधी, पूर्व प्रभारी कुलपति डा. सत्येंद्र सेंगर, संचालक डा. अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डा. राकेश चंदेल शामिल होंगे।

### देश में मजबूत सरकार और मजबूत विपक्ष होगा : अमित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव परिणाम पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश



के सबसे बड़े आम चुनाव लोकसभा चुनाव-2024 का परिणाम मंगलवार को देश के सामने आया है। हम जनादेश का स्वागत करते हैं। अब देश को एक मजबूत सरकार के साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी मिलेगा, जो लोकतंत्र के लिए अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत में गंगा-जमुनी तहजीब है, वसुदेव कुटुंबकम की परंपरा है, अनेकता में एकता भारत की असली ताकत है। श्री जोगी ने कहा, यहां नफरत की राजनीति नहीं चल सकती, प्रेम, स्नेह और भाईचारा भारत की पहचान है।

### वृंदावन हॉल में विद्यार्थियों का किया सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम रायपुर के सहयोग से करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभावन सम्मान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 9वीं से 12वी के होनहार विद्यार्थियों के अलावा ऐसे विद्यार्थी जिसने खेलकूद एवं गीत संगीत के माध्यम से जिला या राज्य में समाज का नाम रौशन किया, उन 201 विद्यार्थियों को धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम द्वारा प्रशस्ति स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सही दिशा-निर्देशन के लिए कैरियर काउंसिलिंग का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें काउंसलर के रूप में काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरंडकर, अजित सिंह जाट, लोक शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक बीआर साहू परसदा अभनपुर ने बच्चों को उचित शिक्षा के साथ-साथ जीवन में आने वाली कठिन का सामना करने का मार्गदर्शन प्रदान किए।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आप नोटिसी राजेन्द्र राय पिता स्व. अजय पाल सिंह के नाम पर स्थित भूमि चैनगंज प.ह.नं. 34, तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद चैनगंज तालाब खसरा नं. 651, 652, 680/1, व 681 कुल खसरा 4 रकबा 1.57 हे., 0.69 हे., 0.21 हे. व 0.44 कुल रकबा 2.91 हे. सी 7.28 एकड़ ग्राम टेकापार स्थित 57 तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद भूमि/तालाब खसरा नं. 31 रकबा 1.48 हे. (3एकड़ 70 डिसमील) ग्राम चैनगंज तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद भूमि बघवा तालाब खसरा नं. 551/1, 552 कुल खसरा 2 रकबा 1.83 हे. 1.10 हे. कुल रकबा 2.93 हे. (7 एकड़ 33 डिसमील) ग्राम तवेरा प.ह.नं. 28 तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद 751, 755, 757, 765, 775, 777, 780, 979, 980, 982, 983, 1072. कुल खसरा 12 रकबा 8.54 हे., 1.25, 2.30, 2.46, 1.23, 0.32, 0.05, 0.07, 0.36, 0.05, 0.14 कुल रकबा 26.82 हे. (30 एकड़ पडत) भूमि का सौदा दिनांक 22/02/2023 उक्त सम्पूर्ण भूमि विक्रय करने 75,00,000/- रुपये अक्षरी पचहत्तर लाख रुपये मे हुआ एवं अग्रिम राशि 15 लाख तथा सौदाशुदा भूमि का मय दस्तावेज एवं कब्जा मेरे पक्षकार अजय बरड़िया आ. विजय लाल स्टेशन रोड सुंदर गंज धमतरी को सौप दिया है।

आप नोटिसी द्वारा मेरे पक्षकार के साथ निष्पादित आपसी इकरारनामा दिनांक 22/11/2023 का पालन नही करने पर दिनांक 25/05/2024 को नोटिसी के वार्ड कं. 15, चैनगंज गुण्डरदेही, दावड़ा कालोनी संजीवनी हास्पिटल के पास रायपुर राजेन्द्र पेट्रोल पंप गुण्डरदेही के पते पर रजि. नोटिस प्रेषित किया हैं तथा इस नोटिस प्रकाशन के 01 माह के अंतर्गत मेरे पक्षकार के आदिवासी के पक्ष में आप नोटिसी द्वारा निर्धारित तिथि को रजि. बैनामा निष्पादित करेंगे ।

सो सूचना जानें ।

दुर्ग
दिनांक:
5/6/24

भवदीय
चम्पलेश्वर सिन्हा
(अधिवक्ता) जिला न्यायालय दुर्ग
मो.नं. 9329119764


# चुनाव परिणाम के बाद 45 दिन तक याचिका टाइम, तब तक ईवीएम व पोस्टल बैलेट स्ट्रांगरूम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो चुका है, लेकिन जिला प्रशासन की जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है। मतगणना से असंतुष्ट कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल की ओर से ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़, किसी बूथ में संभावना से कम वोट मिलने या अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर कोर्ट में याचिका लगा सकता है। इसके लिए उनके पास सिर्फ 45 दिनों का समय रहेगा। इन 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीन और डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखा जाता है। प्रशासन ने याचिका टाइम तक के लिए सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सेजबहार स्ट्रांग रूम में रखकर सीलबंद कर दिया है।

## ईवीएम में छेड़छाड़ या गड़बड़ी की आशंका पर प्रत्याशी या राजनीतिक दल याचिका टाइम तक लगा पाएंगे कोर्ट में याचिका

### याचिका नहीं लगाने की स्थिति में खोली जाएगी सील

इन मशीनों को अब याचिका टाइम खत्म होने के 45 दिन के बाद ही स्ट्रांगरूम से निकाला जा सकेगा। इसके बाद ही मशीनों का डाटा क्लीयर किया जाएगा, लेकिन मशीनों को स्ट्रांगरूम से निकालने से पहले प्रशासन को कोर्ट से ईवीएम मशीनों को लेकर कहीं कोई याचिका लगी तो नहीं, इस संबंध में जानकारी लेनी होगी। इस बीच अगर एक भी याचिका लगाई जाती है, तो ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में तब तक सुरक्षित रखा जाएगा, जब तक याचिका पर कोई फैसला नहीं आ जाता है।



### याचिका टाइम तक सुरक्षित रखा गया

चुनाव का परिणाम के बाद 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सुरक्षित सेजबहार स्ट्रांग में सीलबंद कर रखा गया है। इस दौरान अगर याचिका नहीं लगाई जाती है तो टाइम खत्म होने के बाद मशीनों को बाहर निकालकर उसका डाटा क्लीयर करने की प्रकिया की जाएगी।

\- डॉ. गौरव सिंह
कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अनुमति से करेंगे डाटा क्लीयर

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार याचिका टाइम खत्म होने के बाद भी ईवीएम मशीनों का डाटा क्लीयर करने के लिए प्रशासन को छत्तीसगढ़ मुख्य निवार्चन पदाधिकारी से अनुमति लेनी होती है। इसके बाद ही ईवीएम मशीनों से डाटा क्लीयर किया जाएगा।

**ईवीएम-वीवीपैट को बूथ व सीरियल नंबर के साथ रखा गया :** जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के बाद स्ट्रांगरूम में सातों विधानसभा सीटों पर उपयोग में लाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग सीलबंद कर स्ट्रांगरूम में याचिका टाइम तक रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर बूथ व सीरियल के अनुसार ईवीएम मशीन को आसानी से निकाला जा सके।

सवारी शहर के भीतर लाने आटो का रेलमपेल, इस वजह से ओवरब्रिज के चारों ओर जाम ही जाम

# पचपेड़ी नाका में रोज जाम, छुटकारे के लिए बस स्टॉप लालपुर होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव में संचालित इंटर स्टेट बस टर्मिनल की वजह से पूरे रिंग नंबर एक के चारों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे ज्यादा जाम की स्थिति पचपेड़ी नाका के पास रहती है। पचपेड़ी नाका में सुबह 9 से 11 तथा शाम के समय सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसकी वजह पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे की जगह को अस्थायी बस स्टापेज के रूप में उपयोग करना है। अस्थायी बस स्टापेज होने की वजह से ओवरब्रिज के नीचे तथा धमतरी रोड के दोनों तरफ के मार्गों में सवारी बैठाना तथा ऑटो पार्क करना है।

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से धमतरी जाने वाले मार्ग पर कई बड़े अस्पताल होने के साथ ही थोक अनाज के साथ फल मंडी है। इस वजह से इस मार्ग पर पूरे दिन ट्रैफिक का दबाव रहता है। धमतरी रोड पर बसों के अलावा ओडिशा तथा दुर्ग जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। इसके अलावा पचपेड़ी नाका शहर का एंट्री पाइंट भी है। ऐसी स्थिति में पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे बस स्टापेज होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है।




### काफी हद तक जाम से मिलेगी मुक्ति

गौरतलब है कि कैनाल लिंक रोड से अमलीडीह, राजेंद्र नगर तथा तेलीबांधा के रहवासी पचपेड़ी नाका आने-जाने के लिए उपयोग करते हैं। बस स्टापेज को लालपुर ओवरब्रिज शिफ्ट करने से ट्रैफिक जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। ट्रैफिक का दबाव लालपुर से पचपेड़ी नाका के बीच ज्यादा रहता है।

### जाम से निपटने लालपुर में स्टापेज बनाने की तैयारी

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक पचपेड़ी नाका को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने लालपुर में कैनल लिंक रोड ओवर ब्रिज के नीचे अस्थायी बस स्टापेज बनाने की तैयारी चल रही है। लालपुर में बस स्टापेज बनाने बस मालिकों के साथ निगम के अफसरों से बात की जा रही है।

### लालपुर तक मार्ग संकरा

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से लेकर लालपुर जाने वाला मार्ग औसतन संकरा है। सड़क के दोनों तरफ कई कालोनी होने के साथ बस्ती है। इस मार्ग में दिनभर लोगों की आवाजाही होती रहती है। इसके कारण भी इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे ट्रैफिक पुलिस थाना भी है, बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने ट्रैफिक पुलिस भी लाचार नजर आती है।

# भाजपा प्रत्याशी भोजराज को खेरथा मंडल से मिली 5200 वोटों की बढ़त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष व खेरथा मंडल के प्रभारी देवेन्द्र ने जताया आभार

कांकेर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष व खेरथा मंडल के प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल ने बालोद जिला के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। खासतौर पर खेरथा मंडल में भाजपा प्रत्याशी को लगभग 5200 मत से बढ़त बनाये जाने पर खेरथा मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल उनकी टीम को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेरथा मंडल के शक्ति केन्द्र संयोजक सहसंयोजक, प्रभारियों, बुथ अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने तपती धूप में कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम रहा कि, खेरथा मंडल में प्रत्याशी को बढ़त मिली जो कांकेर लोकसभा में भाजपा के परचम लहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि अब राज्य के बाद पुनः श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ इस क्षेत्र का विकास भी होगा तथा आने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में भाजपा को सफलता मिलेगी।

# प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी नांदुलकर को दी गई विदाई





**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा के प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी आरके नांदुलकर सेवानिवृत्त हो गए हैं। डौंडीलोहारा के वनकर्मियों ने उन्हें ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर श्री नांदुलकर के कार्यों का स्मरण किया और उनके स्वस्थ्य व दीघायु जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा, उप प्रान्ताध्यक्ष सुजीत रंगारी, प्रांतीय प्रवक्ता राजेश उपाध्याय, अमिता भुआर्य एवं वन परिक्षेत्र डौंडीलोहारा के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मूलचंद शर्मा ने प्रताप ठाकुर, तुलसी राम पिस्दा, गजेंद्र जोशी, अखिलेश साहू, वासुदेव गंधर्व की सराहना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# मेडिकल कालेजों की मान्यता का आधार होगा आभा आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 2025-26 से इसी आधार पर होगा मूल्यांकन, एनएमसी का सर्कुलर

तमाम मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों की ओपीडी-आईपीडी में आने वाले मरीजों का इलाज आभा आईडी के माध्यम से कराने पर जोर दिया गया है। एनएमसी ने सर्कुलर जारी कर चिकित्सा महाविद्यालयों को यह व्यवस्था बनाने की हिदायत दी है। 2025-26 के शैक्षाणिक वर्ष से कालेज की मान्यता के लिए इसी आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने चिकित्सा महाविद्यालयों की ओपीडी-आईपीडी में आभा आईडी की व्यवस्था को अनिवार्य किया है। उसके द्वारा जारी सर्कुलर में सभी कालेजों से कहा गिया है कि वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक वर्ष से मरीजों और उनके उपचार की अन्य व्यवस्था को आभा आईडी से प्रमाणित किया जाएगा। इसके साथ यूजीपी और पीजी की सीटों, नए कालेज, छात्रों को प्रवेश की अनुमति, नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में पंजीकृत आभा आईडी के मरीजों के आधार पर प्रमाणित किया जाएगा। चिकित्सा महाविद्यालयों में आभा आईडी की व्यवस्था को एनएमसी द्वारा पिछले महीने हुई अपनी बैठक में अंतिम रूप दिया था, जिस पर शुक्रवार को सर्कुलर जारी किया गया है।

### बिना आईडी वालों का भी इलाज

आभा आईडी की व्यवस्था करने वाले अस्पताल इसकी सुविधा नहीं लेने वाले मरीजों के उपचार से इनकार नहीं करेंगे। इस बात पर जोर दिया गया है कि इसकी आईडी बनवाने के लिए ऐसे मरीजों को जरूर जागरूक किया जाए। एनएमसी द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के डिजिटलाइजेशन की दिशा में कदम उठाते हुए इलाज के लिए चिकित्सा महाविद्यालयों में आने वाले मरीजों को आभा आईडी के माध्यम से पंजीकृत किए जाने पर जोर दिया गया था।

# रेडक्रास सोसायटी ने खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेडक्रास सोसायटी ने दल्लीराजहरा के समीप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में खिलाड़ी बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण कार्य किया। जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि दिन पर दिन गर्मी में तेजी, मौसम चक्र का सही न चलना, ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ना ये सब वृक्ष की कमी के कारण हो रहा है। आज पूरे भारत में तापमान 45 डिग्री से ऊपर है ऐसे हम सोचते रहेंगे तो वह दिन दूर नहीं होगा जब पूरा विश्व जल रहा होगा और हम कुछ नहीं कर पाएंगे।

इसीलिए पौधौ का महत्व बताने के लिए रेडक्रास ने इन नन्हे बच्चों को आज के कार्यक्रम में जोड़ा है, क्यों कि कल का भविष्य तो यही बच्चे होंगे। आज बच्चों के द्वारा बरगद, पीपल, करंज, व शो बबूल का पौधा रोपण किया। जगप्रीत सिंह ने भी इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग देते हुए बच्चों को पेड़ है तो जल है, जल है तो कल है की महत्ता बताया।

पिछले साल लगाए हुए पौधो का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर खीमन, यमित, यसित, खिलेन्द्र, तुषार, श्वेता, प्राची, सोनम, दिशा, थमेश, युगल, खुशी, नमन, पोषण, गीतेश, पुष्कर व अन्य बच्चे उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### दो साल में नहीं बन सकी ...

नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य लगभग दो वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया, किंतु निर्माण स्थल के पास कोई सूचना पटल नहीं लगा है। इसके कारण पानी टंकी निर्माण की अनुमानित राशि, कार्य प्रारंभ होने तथा पूर्ण करने की निर्धारित अवधि की जानकारी नहीं है। वहीं, दो साल में भी कार्य पूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों को योजना का लाभ में नहीं मिल पाया है और भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं, कार्य पूर्ण होने में लंबा समय लगने के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### जलस्तर नीचे जाने से ...

से टंकी में पानी कम भरा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। इसी तरह अरमुरकसा की पुरानी बस्ती के लगभग 80 घरों में 550 ग्रामीण निवासरत हैं, पेयजल के लिए 3 हैंडपंप हैं। यहां भी जलस्तर नीचे चले जाने से पानी कम और रुक रुककर आता है, जिससे यहां भीड़ हो जाती है और कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है। उधर, नयापारा के लगभग 100 घरों में करीब 650 महिला पुरूष व बच्चे रहते हैं। यहां के लोग दो हैंडपंप के सहारे ही पेयजल का पानी का उपयोग करते हैं। गर्मी के दिनों में पानी की खपत ज्यादा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप में सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीणों की भीड़ लगी रहती है।

### मीडिया प्रतिनिधि व ...

बल के जवान निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के अलावा अनेक जनकल्याण एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। जो कि निश्चित रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अतुलनीय है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को सजाने, संवारने तथा छत्तीसगढ़ में शांति स्थापित करने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों को समाज के सामने सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए मीडिया की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्य एवं दायित्व को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्य को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने किया।

### गलत कार्रवाई कर अस्पताल किया बंद

**भिलाई।** व्हीवाय अस्पताल के संचालक डॉ. विश्वनाथ यादव ने आरोप लगाया है कि सीएमओ कार्यालय के अधिकारियों के गलत कार्रवाई और कलेक्टर को गुमराह में रखने के कारण शहर के बडे अस्पताल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया। व्ही वाय अस्पताल संचालक डॉ. वश्विनाथ यादव ने शासन को गुमराह कर गलत कार्रवाई करने वाले सीएमओ दुर्ग डॉ. जेपी मेश्राम, नोडल अधिकारी को सस्पेंड करने की मांग की है। वहीं अगर शासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जाती है तो कई सीएमओ दफ्तर के कई अधिकारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। डॉ यादव ने कहा कि सीएमओ दफ्तर ने गलत कार्रवाई कर व्ही वाय अस्पताल को बदनाम किया है। अगर ऐसा ही तानाशाही चलता रहा तो भविष्य में कोई भी निजी अस्पताल गर्भवती मरीज को भर्ती नहीं लेगा। गौरतलब हो कि व्हीवाय अस्पताल में एक गर्भवती महिला को गंभीर अवसाथा में परिजनों ने उपचार के लिए लाया था। भर्ती के दस दिन पूर्व बच्चा महिला के पेट में मर चूका था। उन्होंने कहा कि महिला धमधा के शासकीय अस्पताल में महिला का उपचार 7 माह तक हुआ था।


**Health Town**

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## नेवरीकला में धूमधाम से मनाई गई शनि जयंती

**बालोद।** ग्राम नेवरीकला में शनि जयंती के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा ग्राम के बाजार चौक स्थित शनि देव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया था। सुबह साफ-सफाई के बाद ग्रामीणों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। ग्राम के महिला पुरुष बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस दौरान कई ग्रामीणों ने पूजा अर्चना के दौरान मनोकामना नारियल पीपल के पेड़ में बांधे तथा भगवान से ग्राम के साथ अपने घरों की सुख-समृद्धि की कामना की। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

## डेली नीड्स शॉप में लगी भीषण आग से सामान जला

**भिलाई।** डेली निडस के शॉप में अचानक आग लग गई। सूचना पर मौके से तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया बुधवार की सुबह नेहरूनगर में स्थित शीतल डेली नीड्स में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना भोर सुबह 5 बजे मिली। मौके पर अग्निशमन, आपदा प्रबंधन की टीम तुरंत पहुची। अग्निशमन कर्मियों ने दुकान पर में लगी भीषण आग को बड़ी सावधानी से दो दमकल पानी की मदद से आग को क़ाबू किया। दूसरी तरफ दुकान, घर तरफ बढ़ाने से रोक लिया गया। एक बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की हानि होने से बचाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग बुझाने अग्निशमन कर्मी महेंद्र चंदेल, एफ प्रवीण बारा,पराग भोसले, अवतार सिंह, कुलेश्वर, टीकेंद्र,रमेश , धनऊ, संतोष, भोपेश मौजूद थे।

## डॉक्टर और सेवानिवृत्त कर्मी ठगी के शिकार

**भिलाई।** दो अलग-अलग ठगी के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई की है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मकान नं. 132 ब्लाक 08 आर्चिड तालपुरी निवासी बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी अजीत सिंह विरदी के मोबाइल पर काल किया गया। अज्ञात मोबाइल धारक ने डाक भेजने के नाम पर 15 रुपये आनलाईन भेजने का झांसा दिया। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाऊनलोड करने को कहा। उसके बाद पीड़ित के बैंक आफ बड़ोदा खाते से दो किस्त में 40 हजार रुपए अज्ञात ने निकाल लिया। वहीं दूसरी ठगी क्वाटर नं. 03 बी सड़क एसपीए सेक्टर 9 निवासी डॉ उमेश अशोक गिरडकर के साथ हुआ। पीड़ित ने एमेजान के कस्टमर केयर पर गुगल से नंबर सर्च कर अपना आर्डर कैंसल करने को कहा। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को एक लिंक भेजा जिसमें क्लिक करते ही उसके खाते से 19 हजार 200 रुपये गायब हो गए। जिसकी शिकायत भिलाई नगर थाना में दर्ज कराई गई है।

### आयोजन : शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में पर्यावरण दिवस पर हुई कार्यशाला, दिए गए सुझाव

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे सुरक्षित रखने के लिए गोद लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन अजय मुखर्जी (प्राचार्य) की अध्यक्षता में किया गया।

गोष्ठी का विषय था- पर्यावरण को सुरक्षित कैसा रखा जाए? इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए जे.पी. बांधव व्याख्याता ने कहा कि पर्यावरण दिवस के दिन हम सब शपथ लेकर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे सुरक्षित रखने के लिए एक-एक पौधा गोद लें, ताकि पर्यावरण सुरक्षित व संतुलित रह सके।

वहीं, श्री मुखर्जी ने कहा कि पर्यावरण की अगर सुरक्षा चाहते हैं, तो पेड़ों की कटाई रोकने के साथ-साथ उसकी देखभाल करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर इसे सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ बी .एल .साहसी (व्याख्याता) ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने कहा कि आज लगातार वनों की कटाई जिस तेजी से हो रही है जिससे पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है, जिसकी वजह से समय में बारिश पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रहा है। आम जनता के साथ-साथ किसानों के लिए जो चिंता का विषय है क्योंकि अधिकांशतः कृषि बारिश के पानी पर निर्भर है। अतः पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए परिवार, समाज व गांव में अभियान चलाना आवश्यक है,जिससे वे जागरूक हो सके।



### चित्रकला प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम

आभार प्रदर्शन करते हुए व्याख्याता हमेंद्र साहू ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित नहीं होने के कारण आज तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी सुरक्षा अधिक से अधिक पौधे लगाकर किया जा सकता है। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन विद्यालय में किया गया था। जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें मोनिका प्रथम, पूजा द्वितीय तथा मनीष कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, श्री बांधव, श्री साहू, डा.साहसी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## जिला न्यायालय परिसर बालोद में न्यायाधीशों ने लगाए पौधे

**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश योगेश पारीक, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोजनंद दास, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 माधुरी मरकाम सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों ने जिला न्यायालय परिसर बालोद में पौधारोपण किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के निर्देशानुसार आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशों ने जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एंड डिफेंस कौंसिल चीफ श्रीनिवास पाण्डेय, डिप्टी चीफ देवलाल चौधरी, अस्स्टिेंट लीगल एंड डिफेंस कौंसिल बृजमा जायसवाल तथा जिला न्यायालय बालोद में पदस्थ अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।





## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मना पर्यावरण दिवस

**गुरूर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर में पर्यावरण दिवस मनाया गया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वर्षा साहू ने दीप जलाकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ईश्वरी परिवार के सभी सदस्यों ने पर्यावरण को बचाने की प्रतिज्ञा ली और पौधारोपण किया।



## देवरीबंगला में ब्रम्हाकुमारी बहनों ने किया पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय देवरी बंगला के मिडिल स्कूल के पास स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, भ्राता टुमन लाल साहू अधिवक्ता, नरेंद्र खरे शिक्षक, आत्मा राम देवांगन, खूब लाल साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण का महत्व बताया। सीमा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को संतुलित करने बड़ी मदद करते हैं। पेड़ -पौधे वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड गैस का अवशोषण कर जीव जन्तुओं के लिए जीवनदायिनी गैस आक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं। हमें जैविक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए। इससे मृदा का पर्यावरण अच्छा रहता है। आज पृथ्वी का तापमान बहुत बढ़ रहा है। पेड़ -पौधे लगाकर हम इसे रोक सकते हैं। उपस्थित भाई बहनों को पौधा लगाने एवं उसकी सुरक्षा करने संकल्प दिलाया गया। संस्था के बच्चों द्वारा पर्यावरण पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। उपस्थित लोगों को नीम,जाम,करन, जामुन आदि पौधा वितरण किया गया।

## ब्रह्मकुमारी बहनों ने किया पौधारोपण

**गुरूर।** ब्रह्मकुमारी बहनों ने पेट्रोल पंप में जाकर वहां परिसर में पौधारोपण किया। साथ में पेट्रोल पंप के अशोक पिपरे सिवानिवृत्त डी.एस.पी. भी उपस्थित थे।





## लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार 05 जून को उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों ने लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पौधारोपण कर आम नागरिकों को पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में विधानसभा आम निर्वाचन तथा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। उसकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस सहित अन्य अधिकार–कर्मचारी उपस्थित थे।

## संजारी पहुंचीं विधायक अनिला शोक संतप्त परिजनों से की भेंट



**डौंडीलोहारा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संजारी में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत की समाचार से सन्नाटा पसरा हुआ है। इसकी जानकारी मिलने पर डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने संजारी पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और पांच हजार रुपए सहायता राशि के रूप में प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी सहायता राशि के लिए अधिकारियों को भी निर्देश करते हुए परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।

इस अवसर पर जतिन भेड़िया, अनिल लोढ़ा, गोपाल प्रजापति, नेतराम भांडेकर, अर्जुन ठाकुर, राजकुमार ग्वाल, विनोद गौर, प्रकाश निषाद, रुमन दुबे एवं ग्राम पटेल श्याम लाल सोनकर एवं कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय से विधायक चंद्राकर ने की भेंट, दी बधाई



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 10 भाजपा उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह से मुलाकात की और बधाई दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधी पप्पू चंद्राकर समाज सेवी सोनू राम सिंग पार्षद मनीष यादव पार्षद विधि यादव अरविंदर खुराना सोशल मीडिया प्रभारी विवेक बंछोर भी उपस्थित थे।

## देवरी ख के ग्रामीणों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम देवरी ख स्थित भाटा तालाब में छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, सचिव गुलाब साहू, उर्वशी हरमुख रोजगार सहायक, मनरेगा मेट ललित साहू, तामेश्वर साहू, कार्ति साहू, नंदनी साहू, कांति सेन कुसुमप्रभा निषाद, कुसुम देशमुख, योगेश्वरी गायकवाड़, तीजन गायकवाड़, उमेश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर गांव के सरपंच खिलेन्द्र साहू ने कहा कि जिस तरह पौधे लगाने का संकल्प लिया है, इसी तरह उसमें पानी, खाद डालकर उसको बड़ा करने का भी संकल्प लें। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव में एक पौधा जरूर लगाएं।



### निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने नीम, आम, जामुन व बेल के पौधे लगाए। ग्राम पिसेगांव शिवनाथ नदी के तट राम जानकी मंदिर के पास युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, भीम सिंह निषाद, युगल किशोर निषाद, विनोद निषाद ओमप्रकाश निषाद ने पौधे लगाए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।



## मकान से 40 हजार के सामान की चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर बंगौलर गए परिवार के यहां सोना चांदी के जेवरात चोरी हो गई। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि चंद्रनगर उमरपोटी निवासी हरिशंकर शाह आर्मी से सेवानिवृत्त कर्मी है। बेटा बंगलौर में नौकरी करता है। अपने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत बेटा से मिलने गए हुए थे। वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही सामने सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है


### गुरूवार को सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

# वट वृक्ष की पूजा कर मांगा पति की लंबी उम्र का वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी की सुहागिन महिलाओं ने ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री के शुभ अवसर पर व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इसी क्रम में बीएसपी सेन्ट्रल टाउनशिप स्ट्रीट नं.10, वार्ड नं.22 के कला मंच दल्लीराजहरा के समीप स्थित वट वृक्ष (बरगद) की वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना कर मौसमी फल,फूल, भीगे चने, मिष्ठान, सोहाग की सामान व श्रीफल चढ़ाकर, सती सावित्री व सत्यवान की पौराणिक कथा श्रवण कर ,वट वृक्ष के 108 फेरे (परिक्रमा) लगाए तथा कच्चा धागा लपेटे। इस अवसर पर ममता शर्मा, राधा मिश्रा, सीमा राजोरिया, शारदा देवांगन, लता कुलदीप, उमा ढ़ोले, प्रमिला नायक, लीना देवांगन, मौसमी, लीला राव, शांति साहू आदि महिलाएं उपस्थित रहे। ममता शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सनातनी सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु व अच्छी सेहत के लिए वट सावित्री व्रत रखती है और परिवार सहित सभी के लिए मंगल की कामना करते हुए वट वृक्ष (बरगद) की विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं।इसके अतिरिक्त ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती भी मनाया जाता है।इसलिए उपस्थित सुहागिन महिलाओं ने समीप के पीपल वृक्ष की भी पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर फेरे लगाए व अपने परिवार सहित सभी के लिए मंगलकामना की।



online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
अंतिम अवसर केवल 09 सीट बांकी
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411